प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार | दिनांक 15.08.2025

मुख्य समाचारः–

- राष्ट्र आज उनयासीवां स्वाधीनता दिवस मना रहा है–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लालकिले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह का नेतृत्व किया–श्री मोदी ने सुदर्शन चक्र मिशन और प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की।

- छत्तीसगढ़ में भी स्वतंत्रता दिवस उल्लास के साथ मनाया जा रहा है–मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली–रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली और बस्तर तथा सरगुजा संभाग में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना शुरू करने की घोषणा की।

- राजनांदगांव जिले की सीमा पर आज सुबह एक सड़क हादसे में छह युवकों की मौत।
- मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान बस्तर, दुर्ग और रायपुर संभाग के एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी दी।

<u>स्वतंत्रता दिवस–प्रधानमंत्री–01</u>

राष्ट्र आज उनयासीवां स्वाधीनता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में ऐतिहासिक लालकिले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह का नेतृत्व किया। लालकिले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के जांबाज़ सैनिकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश के सशस्त्र बलों के साहस और शौर्य का सशक्त साक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को रणनीति तैयार करने, लक्ष्य और समय तय करने की खुली छूट दी, और हमारी सेना ने वो करके दिखाया, जो कई दशकों तक कभी हुआ नहीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने अब फैसला कर लिया है कि लहू और पानी एक साथ नहीं बहेंगे। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने अब समझ लिया है कि सिंधु जल समझौता अनुचित था और भारत परमाणु हमले की धमकी अब बर्दाश्त नहीं करेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुश्मनों को करारा जवाब देने के लिए सशक्त हथियार प्रणाली – सुदर्शन चक्र मिशन शुरू करेगा।

अब देश सुदर्शन चक्र मिशन लॉन्च करेगा। ये मिशन सुदर्शन चक्र एक पावरफुल वैपन सिस्टम दुश्मन के हमले को न्यूटीलाइज तो करेगा ही करेगा, लेकिन कई गुना ज्यादा दुश्मन पर हिट पैक करेगा। आने वाले 10 सालों में हम उसको प्रखरता से आगे बढ़ना चाहते हैं।

<u>स्वतंत्रता दिवस–प्रधानमंत्री–02</u>

श्री मोदी ने एक लाख करोड़ रूपये से प्रमुख रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की।

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना आज ही 15 अगस्त को लागू हो रही है। यह आपके लिए खुशखबरी है। इस योजना के तहत निजी क्षेत्र में पहली नौकरी पाने वाले नौजवान को, बेटे–बेटी को 15 हजार रूपये

सरकार की तरफ से दिए जाएंगे। कंपनियों को भी नए रोजगार देने के अवसर जो भी ज्यादा जुटाएगा, उनको भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि आगामी दीपावली तक नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से सामान्य लोगों, किसानों और मध्य वर्ग को राहत मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

प्रधानमंत्री ने नेक्स्ट जेनरेशन सुधारों को लागू करने के लिए टास्क फोर्स गठित करने की घोषणा की। इसी तरह श्री मोदी ने समुद्री संसाधनों के दोहन के लिए गहरे–जल में खोज के उद्देश्य से राष्ट्रीय मिशन बनाने और इस साल के अंत तक मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप्स शुरू करने की भी घोषणा की।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में बस्तर का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि एक समय बस्तर का नाम लेते ही नक्सलवाद और हिंसा की याद आती है, लेकिन आज तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। श्री मोदी ने कहा कि आज बस्तर के नौजवान बंदूक की जगह खेलों में आगे बढ़ रहे हैं। बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन वहां के युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और उत्साह का प्रतीक बन गए हैं। प्रधानमंत्री ने इस बदलाव को सुरक्षा विकास और लोगों की सहभागिता का परिणाम बताया।

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार स्वाधीनता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लालकिले की प्राचीर से राष्ट्र को दिए गए संबोधन पर केन्द्रित रहेगा। इस विषय पर वरिष्ठ पत्रकार और विश्लेषक रवि भोई से ली गई विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल सोलह अगस्त को एफ.एम. चैनल पर सुबह नौ बजे से और प्राईमरी चैनल पर सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

स्वतंत्रता दिवस–मुख्यमंत्री संबोधन

छत्तीसगढ़ में भी स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण का आह्वान किया। उन्होंने रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने की घोषणा की।

श्री साय ने छत्तीसगढ़ की स्थापना के पच्चीसवें वर्ष के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने बस्तर और सरगुजा संभाग में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना शुरू करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि दोनों संभागों में बसों का संचालन स्थानीय लोग ही करेंगे। इससे ग्रामीणों की आवाजाही आसान होगी और उनकी रोज़मर्रा की परेशानियां दूर होंगी।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी को जन–आंदोलन का रूप दिया है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों की सूरत संवारने के लिए राज्य में मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना शुरू की गई है।

इस अवसर पर विभिन्न सुरक्षा बलों के साथ ही एनसीसी और अन्य संगठनों की टुकड़ियों ने आकर्षक मार्चपास्ट किया।

स्वतंत्रता दिवस–छत्तीसगढ़–02

राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। साथ ही उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर राज्यपाल ने राजभवन सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह राजनांदगांव में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। जबकि, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने बस्तर, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बिलासपुर और विजय शर्मा ने दुर्ग में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया।

इसी तरह, मंत्री रामविचार नेताम ने सरगुजा, दयालदास बघेल ने गरियाबंद, केदार कश्यप ने बालोद, लखनलाल देवांगन ने कोरबा, श्याम बिहारी जायसवाल ने जशपुर, ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़, लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर और टंकराम वर्मा ने जांजगीर–चांपा में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। अन्य जिलों में सांसदों और विधायकों ने ध्वजारोहण किया और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।

बस्तर–ध्वजारोहण

आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बस्तर के उनतीस ऐसे गांवों में पहली बार राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया, जो कभी माओवादी गतिविधियों के केन्द्र माने जाते थे। ये गांव बस्तर संभाग के बीजापुर, नारायणपुर और सुकमा जिलों में स्थित है। इनमें कोंडापल्ली, कर्रेगुट्टा, पुजारीकांकेर, कच्चापाल, नेलांगूर, तुमालपाड़, गोलाकुण्डा और मेटागुड़ा सहित अन्य गांव शामिल हैं। इन उनतीस गांवों में आज तिरंगे का फहराना बस्तर क्षेत्र में एक नये युग की शुरूआत का प्रतीक माना जा रहा है।

पुलिसकर्मी–सम्मान

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में एक हजार नब्बे कर्मियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इनमें छत्तीसगढ़ के पच्चीस पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं।

इधर, राजधानी रायपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पैंतीस पुलिस अधिकारियों और जवानों को उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस पदकों से सम्मानित किया। इनमें पुलिस वीरता पदक से ग्यारह, राष्ट्रपति पुलिस पदक से एक, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से ग्यारह, सुधार सेवा पदक से पांच, गृहरक्षक और सराहनीय सेवा पदक से एक तथा राज्य स्तरीय और पुलिस महानिदेशक पदकों से छह अधिकारी–कर्मचारियों को अलंकृत किया गया।

मुख्यमंत्री–चित्र प्रदर्शनी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक टाउन हॉल में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी आगामी इक्कीस अगस्त तक प्रतिदिन सुबह साढ़े दस बजे से रात आठ बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।

दुर्घटना–मौत

राजनांदगांव जिले की सीमा पर आज सुबह एक सड़क हादसे में छह युवकों की मौत हो गई। मृतकों में चार युवक इंदौर और एक युवक ओड़िशा का रहने वाला था। वहीं, एक अन्य युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।
एएसपी राहुल देव ने बताया कि आज तड़के बागनदी थाना क्षेत्र के चिरचारी के पास नागपुर से रायपुर की ओर आ रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकराने के बाद विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में छह युवकों की मौके पर मौत हो गई। वहीं, एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार इंदौर निवासी ये युवक पुरी जा रहे थे।

मौसम

मौसम विभाग ने आगामी अड़तालीस घंटों के दौरान बस्तर, दुर्ग और रायपुर संभाग के एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। साथ ही कल बीजापुर और उससे लगे जिलों में भारी से अति भारी वर्षा हो सकती है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण छत्तीसगढ़ के अधिकांश जगहों पर बदली–बारिश की स्थिति बन रही है। प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।